# BULANDSHAHR POLICE

**दिनांक – 19 सितम्बर, 2025** **थाना सिकन्द्राबाद**

## शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किया गया लोहा व 70,000/- रूपये नकद बरामद।

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 18/19.09.2025 की रात्रि में थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर नार्मल स्कूल के पास से शातिर चोर को चोरी किये गये 04 कुंतल 10 किलो लोहा व 70,000/- रूपये नकद सहित गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. मौहम्मद सिराजुद्दीन पुत्र बसीर खान निवासी सैक्टर-55 बल्लभगढ़ थाना फरीदाबाद, हरियाणा।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 04 कुंतल 10 किलो लोहा
2. 70,000/- रुपये नकद (चोरी गये माल को बेचकर प्राप्त रुपये)

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का चोर हैं। जिसके द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दिनांक 01.07.2024 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत डीपीएल ग्लोबल प्राईवेट लिमिटेड,ए-58 कम्पनी से लोहे की एचआर स्लीट कोइल चोरी करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-480/24 धारा 306/316 बीएनएस पंजीकृत हैं। मुकदमा उपरोक्त में 03 अभियुक्तों को पुर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**अभियुक्त मौहम्मद सिराजुद्दीन का आपराधिक इतिहास-**

1. मुअसं-480/24 धारा 306/316 बीएनएस थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. श्री अनिल कुमार शाही प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 नीरज शर्मा, उ0नि0 रघुवीर सिंह
3. है0का0 प्रवीण कुमार, है0का0 कपिल कुमार, का0 सुमित कुमार, का0 रोहित कुमार




**मीडिया सेल बुलंदशहर।**